BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 23 सितम्बर, 2025 थाना खुर्जा नगर

विनोद कुमार की हत्या में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 15.09.2025 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामगढ़ी मे विनोद चौधरी पुत्र महेन्द्र सिहं का शव उसके घर मे ही मिला था, जिसके सम्बन्ध में मृतक के भाई सुधीर कुमार की तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 837/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम 02 नामजद व अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

उक्त क्रम में विवेचना के दौरान प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को थाना खुर्जा नगर पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा सौंदा हबीबपुर मोड से गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर पंजीकृत अभियोग मे धारा 61(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- जवाहर पुत्र पोप सिंह निवासी ग्राम अहरौली थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

2- विवेक पुत्र सुरेश निवासी ग्राम अहरौली थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

घटना का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त जवाहर व उसके गांव निवासी एक अन्य व्यक्ति गजेन्द्र के मध्य रुपये के लेनदेन का विवाद था जिसमें दोनो पक्षो के बीच मुकदमेबाजी चल रही थी। मृतक द्वारा इन दोनो के बीच मध्यस्थता की गयी थी। मध्यस्थता के फलस्वरुप 20 लाख रुपये मृतक एवं एक अन्य व्यक्ति विष्णु के संयुक्त खाते में जमा किये गये थे जिसमें तय हुआ था कि मुकदमेबाजी खत्म करने के बाद रुपये जवाहर को दे दिये जायेगे। लेकिन जवाहर रुपये मांग रहा था जिसे मृतक द्वारा मना कर दिया गया कि जब तक दोनो पक्षो में चल रही मुकदमेबाजी खत्म नही होगी जब तक रुपये नही दिये जायेगे। इसी बात को लेकर दोनो में मनमुटाव बढ गया था। जवाहर द्वारा अपने पुत्र के साथ मिलकर विनोद चौधरी की हत्या की योजना बनायी गयी। योजनानुसार जवाहर व विवेक द्वारा मृतक की रेकी की गयी तथा दिनांक 14/15-09-2025 की रात्रि में जवाहर के पुत्र ने विनोद चौधरी की हत्या कर दी गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त जवाहर का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 1402/18 धारा 307,342,392,406,504,506 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 544/24 धारा 308,324,504 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 837/25 धारा 103(1), 61(2) बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार अभियुक्त विवक का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 130/23 धारा 366 भादवि थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 837/25 धारा 103(1), 61(2) बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री पकंज राय प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. निरीक्षक श्री दिग्विजय नाथ शाही, उ0नि0 हिमांशु चौधरी
3. है0का0 जितेन्द्र, का0 श्यामू कुमार, का0 कपिल, का0 प्रवेश बैंसला, का0 नवनीत सिंह, का0 विनित सागर

स्वाट टीम देहात

1. श्री पम्मी चौधरी प्रभारी स्वाट टीम देहात।
2. है0का0 नेत्रपाल, है0का0 विकास कुमार, है0 कां0 कुलदीप सिंह, है0का0 अमित चौधरी, है0 कां0 अरुण कुमार, कां0 आकाश. का0 मनीष, का0 अजय।

मीडिया सेल बुलंदशहर